श्री राम जहाँ होंगे

तर्ज – जब हम जवां होंगे

श्री राम जहाँ होंगे, हनुमान वहां होंगे,
दोनों जहाँ होंगे, वहां कल्याण करेंगे,
हर काम बनेंगे, श्री राम जहाँ होंगे.......

श्री राम का जो भी, ध्यान लगाएगा,
बालाजी के दर्शन, वो ही पाएगा,
प्रभु राम की भक्ति से, तुम्हे हनुमान मिलेंगे,
कल्याण करेंगे, श्री राम जहाँ होंगे.....

भैरव बाबा प्रेत राज, की शक्ति से,
संकट कट जाते, बाला की भक्ति से,
मुश्किल सभी की, बालाजी आसान करेंगे,
कल्याण करेंगे, श्री राम जहाँ होंगे.......

डरते नहीं जो संकट से गर तिरो से,
बंध जाते यहाँ, आकर वो जंजीरो से,
मिट जायेंगे जो दुष्ट, यहाँ अभिमान करेंगे,
बेमौत मरेंगे, श्री राम जहाँ होंगे......

बड़े ही सच्चे, मेहंदीपुर के बालाजी,
बड़े दयालु अंजनी माँ, के लाला जी,
बैरागी पुरे सब के, ये अरमान करेंगे,
कल्याण करेंगे, श्री राम जहाँ होंगे.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32215/title/shri-ram-jahan-honge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |